# शब्द संपदा

परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ करो :

हमारे मुख से उच्चारित शब्द हमारे चरित्र, बुद्धिमत्ता, समझ और संस्कारों को दर्शाते हैं इसलिए शब्दों के उच्चारण के पूर्व हमें सोचना चाहिए | कम-से-कम शब्दों में अर्थपूर्ण बोलना और लिखना एक कला है | यह कला विविध पुस्तकों के वाचन से, परिश्रम से साध्य हो सकती है | मात्र एक गलत शब्द के उच्चारण से वर्षों की दोस्ती में दरार पड़ सकती है | अब किस समय, किसके सामने, किस प्रकार के शब्दों का प्रयोग करना चाहिए इसे अनुभव, मार्गदर्शन, वाचन और संस्कारों द्वाराही सीखा जा सकता है | सुंदर, उपयुक्त और अर्थमय शब्दों से जो वाक्य परीक्षा में लिखे जाते हैं उस कारण ही अच्छी श्रेणी प्राप्त होती है |अनाप-शनाप शब्दों का प्रयोग हानिकारक होता है |

संजाल पूर्ण करो :

मुख से उच्चारित शब्द इन्हें दर्शाते हैं

परिणाम लिखो :

1. उपयुक्त और अर्थपूर्ण लिखने का परिणाम – __________

२. विविध पुस्तकों के वाचन का परिणाम – __________

गलत विधान को सही करके लिखो :

1. अनाप-शनाप शब्दों का प्रयोग भी चल जाता है |

2. वर्षों की दोस्ती में कभी दरार नहीं पड़ती |

विलोम लिखो :

1. दोस्ती X __________ 2. अर्थपूर्ण X __________

© परिसर आशा, मुंबई. | www.parisarasha.com

# शब्द संपदा

निम्न शब्दों का वर्गीकरण करो :

( उच्चारित, परिश्रम, अनुभव, हानिकारक )

| उपसर्गयुक्त शब्द | प्रत्ययुक्त शब्द |
|---|---|
| ______ ______ | ______ ______ |

शब्दों का प्रयोग सावधानी से करना चाहिए' इस तथ्य पर अपने विचार लिखो |

निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करो :

1. दरार पड़ना = ______
2. अनाप-शनाप बोलना = ______

नीचे दिए गए वाक्य पढ़ो और उपयुक्त शब्द उचित जगह पर लिखो :

1. माँ ने राघव से ______ , "तुम ______ जा रहे हो ?" (कहाँ / कहा)
2. अपने ______ को प्राप्त करने हेतु नयन कोरूपए चाहिए | (लक्ष /लक्ष्य)
3. आपके ______ में कुछ समय वास करने का ______ मिल जाए तो जीवन सफल हो जाएगा | (प्रसाद / प्रासाद)
4. हमने ______ शांति के लिए नव की पूजा रखवाई है | (गृह / ग्रह)
5. कल मेरे घर ______ के समय ______ आया था | (श्याम / शाम)



© परिसर आशा, मुंबई. | www.parisarasha.com

# शब्द संपदा

अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ करो :

बिना वनस्पति के हिंदुस्तान का कोई भी अनुष्ठान संपन्न नहीं होता | कोई भी उत्सव होगा, हरे बांस की पताका फहराई जाएगी, केले के खंबे लगेंगे, आम के पत्तों की बंदनवार लगाई जाएगी | कलश पर पाँच वृक्षों के पत्ते रखे जाएँगे, उसके ऊपर नारियल रखा जाएगा | हरा नहीं मिला तो सूखा या उसके भीतर का गोला रखा जाएगा | सुपारी की पार्वती बनेगी | दूब से हर देवता को हल्दी छिड़की जाएगी| हर चौक में कमल के पत्तों की अल्पना रची जाएगी | कोई भी पूजन बिना पुष्पांजलि के पूरा नहीं होगा | कोई भी होम नारियल की पूर्णाहुति के बिना संपन्न नहीं होगा | किसी का भी अभिनंदन करना हो, पान-सुपारी, हल्दी, दूब, नारियल थाल में जरूर सजेंगे | कोई भी मांगलिक मंडप बनेगा तो पलाश के पत्तों से बनेगा |

संजाल पूर्ण करो :




जोड़ियाँ मिलाओ :

| अ | उत्तर | आ |
|---|---|---|
| पताका | | आम |
| बंदनवार | | पलाश |
| खंबे | | बांस |
| मांगलिक मंडप | | केले |

वचन बदलो :

1. पत्ता - ____________ 2. सुपारी - ____________

आम शब्द के दो अलग-अलग अर्थ लिखो :

1. ____________ 2. ____________

# शब्द संपदा

पेड़ के महत्त्व पर अपने विचार संक्षेप में लिखो |

निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता लगाओ :

डाली सडक लडाई पंडित

कडी ठंडी रेडियो उडान

ढक्कन कढाई चढावा गढ

ढलान ढाढस ढिंढोरा पढाई

याद रहे
ड और ढ के नीचे नुक्ता यहाँ नहीं लगेगा
शब्द का प्रथम अक्षर हो तब
ड और ढ वर्ण के प्रथम वर्ण पर अनुस्वार हो तब
विदेशी शब्द हो तब

वर्तनी के अनुसार सही शब्द चुनकर लिखो :

1. असतितव / अस्तित्व / उस्तितव / अस्तीत्व : ______
2. सौभाव / सवभाव / स्वबाव / स्वभाव : ______
3. सुसंस्कृत / सुसन्स्कृत / सुसन्स्क्रित / सूसंस्कृत : ______
4. मस्तिस्क / मस्तिश्क / मस्तिष्क / मस्तीशक : ______
5. प्रगती / प्रघती / प्रगति / प्रगथी : ______


© परिसर आशा, मुंबई. | www.parisarasha.com